भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3347
गुरूवार, 31 मार्च, 2022/10 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटकों के लिए वीज़ा शुल्फ माफ किया जाना

3347. श्री के.जे. एल्फोंसः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन मंत्रालय दो साल की अवधि के लिए वीजा शुल्क माफ करने के लिए गृह मंत्रालय को सिफारिश करने की पहल करेगा ताकि कोविड-19 के बाद पर्यटन फिर से शुरू हो सके; और

(ख) क्या मंत्रालय उन स्थानों पर सभी तरह के पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क माफ करने पर विचार करेगा जहां प्रवेश शुल्क लगता है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन स्थानों पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन उद्योग की शीघ्र बहाली में मदद के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) के समक्ष मुफ्त पर्यटक वीजा से सम्बन्धित मामले को उठाया है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 28 जून, 2021 को यह घोषणा की थी कि वीज़ा प्रक्रिया की बहाली के बाद, पहले 5 लाख पर्यटक वीज़ा निःशुल्क जारी किए जाएंगे। यह योजना 31 मार्च, 2022 तक या 5,00,000 वीजा जारी होने तक, जो भी पहले हो, लागू होगी।

(ख): स्मारकों का प्रवेश शुल्क हटाने के लिए संस्कृति मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है।

****